


साप्ताहिक

# बुलंद गोंदिया

खबरों का आईना

प्रधान संपादक : **अभिषेक चौहान** । संपादक : **नवीन अग्रवाल**

E-mail : **bulandgondia@gmail.com** | E-paper : **bulandgondia.net** | Office Contact No.: **7670079009** | R. No.: **MAH-HIN-10169**



वर्ष : 2 | अंक : 02 गोंदिया : गुरुवार, 19 से 25 अगस्त 2021 ■ पृष्ठ : 4 ■ मूल्य : रु. 5

## बुलंद गोंदिया की प्रथम वर्षगांठ के अवसर पर शुभचिंतकों ने की शुभकामनाओं की बौछार

### सफलता के नित नए मुकाम पर पहुंचे बुलंद गोंदिया - विधायक विनोद अग्रवाल





गोंदिया जिले का हिंदी साप्ताहिक बुलंद गोंदिया १५ अगस्त स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर अपना १ वर्ष पूर्ण कर द्वितीय वर्ष में पदार्पण किया। इस अवसर पर शुभचिंतकों व पाठकों द्वारा शुभकामनाओं की बौछार की गई तथा इस अवसर पर गोंदिया के लोकप्रिय विधायक विनोद अग्रवाल ने कार्यालय में पहुंचकर शुभकामनाएं देते हुए कहा कि अपने १ वर्ष सफलतापूर्वक पूर्ण कर जिले की विभिन्न समस्याओं व प्रतिदिन की खबरें निष्पक्ष तरीके से सोशल मिडिया व वेब पोर्टल के माध्यम से उपलब्ध हो रही है। बुलंद गोंदिया परिवार सफलता के नित नए मुकाम पर पहुंचे।

उल्लेखनीय है कि बुलंद गोंदिया के शुभारंभ के वर्ष में वर्ष का अधिकांश समय कोरोना संक्रमण की चपेट में था। लेकिन इसके बावजूद समाचार व खबरों में निरंतरता बनाए रखते हुए जिले के सभी पाठकों तक नियमित सभी प्रकार की खबरों को निष्पक्ष तरीके से पहुंचाने का कार्य किया गया। जिसमें जिले के सभी पाठक व शुभचिंतकों का महत्वपूर्ण योगदान भी रहा है। प्रथम वर्षगांठ के अवसर पर कार्यालय में पहुंच कर शहर के गणमान्य प्रतिष्ठित नागरिकों व विभिन्न क्षेत्रों के प्रतिनिधियों द्वारा शुभकामनाएं दी। जिसमें पूर्व सभापति व युवा नेता राकेश ठाकुर, इंजीनियर सुरेश पिपलेवार, बजरंग सेना विदर्भ प्रमुख रविंद्र मिश्रा, बजरंग सेना गोंदिया जिला अध्यक्ष मुकेश मिश्रा, रुपेश पांडे, हर्ष फाल्के, मुन्ना तिवारी, रवि चौरसिया, दिनेश पटले गोरेगांव, अभय गौतम, वामा महिला संघटना जिला सचिव पूजा तिवारी, माधवी चुटेलकर, शिखा पिपलेवार, श्रमिक पत्रकार संघ के अध्यक्ष पत्रकार गोपाल अग्रवाल, पत्रकार प्रकाश तिड़के, किसान क्रांति सेना के जिला अध्यक्ष लोकचंद्र बिसेन, सुरेश विनचुरकर, विनजम, दीवान जैन, नगर परिषद पार्षद व पूर्व सभापति सचिन शेंडे, नगर रचना सभापति जितेंद्र (बंटी) पंचबुद्धे, कृषि साहू, डॉ. शारदा नेवारे, पत्रकार आकाश वालदे, पत्रकार संजीव बापट, बापजी महेश बंग, इलेक्ट्रानिक मीडिया के उदय चक्रधर, रॉकी नायक, अनूप ब्राम्हणकर, सुमित पांडे, पत्रकार मुकेश मिश्रा, प्रशांत मिश्रा, प्रदीप वराडे, राजेश नागौसे, राजेंद्र भारद्वाज, मोहित पटेल, कृतुराज यादव, विशाल ठाकुर, सचिन ठाकुर, डॉ. नितेश बाजपाई, जिला आपदा प्रबंधन अधिकारी राजन चौबे, महेश तिवारी, प्रमोद तुरकर, चमन अग्रवाल, शारदा अग्रवाल, जयंत अग्रवाल, ओंकार वैष्णव, सुरेश टेंभरे, हेमंत येरने, सचिन ठाकुर, गोंदिया जिला मजदूर सहकारी संस्था के अध्यक्ष सचिन मिश्रा, राईस मिल एसोसिएशन के महेश अग्रवाल, गणेश जाधव, महिला सामाजिक कार्यकर्ता सविता बेदरकर, धनेंद्र बुरले महेंद्र लिल्हारे, अनिल मदनकर, शैलेंद्र सरजारे, सुचिता अग्रवाल, प्रेरणा तिवारी, तान्या शर्मा, विभोर अग्रवाल सहित अनेकों लोगों ने कार्यालय के अलावा फोन पर भी बुलंद गोंदिया परिवार के प्रधान संपादक अभिषेक चौहान, संपादक नवीन अग्रवाल व प्रबंधक संतोष जाधव को शुभकामनाएं दी और बुलंद गोंदिया के उज्जवल भविष्य की कामना की।





## शासन के निर्देशों का उल्लंघन कर किया ध्वजारोहण

### गजानन महाराज शिक्षण माध्यमिक व कनिष्ठ महाविद्यालय का कारनामा



**गोंदिया –** कोरोना संक्रमण के चलते शासन द्वारा जारी किए गए दिशानिर्देशों के अनुसार स्वतंत्रता दिवस १५ अगस्त के अवसर पर ध्वजारोहण सिर्फ ५ व्यक्तियों की उपस्थिति में ही स्कूलों में किया जाना था। किंतु गोंदिया तहसील के अंतर्गत आने वाले घाट टेमनी गिरोला गजानन महाराज शिक्षण एवं कला संस्था द्वारा संचालित माध्यमिक व कनिष्ठ विद्यालय में शासन के नियमों का उल्लंघन कर ध्वजारोहण कार्यक्रम संपन्न किया गया। जिसमें ५ व्यक्तिों से अधिक स्कूल कर्मचारियों और शिक्षकों के साथ विद्यार्थियों की बड़ी संख्या व ग्राम के अनेक नागरिक उपस्थित थे।

स्कूल के मुख्य अध्यापक जनकलाल आसाराम राहंगडाले द्वारा शासन के इन नियमों का पालन ना कर शासन के निर्देशों का खुला उल्लंघन किया है। कोरोना के नियमो का पालन न करते हुए आयोजित कार्यक्रम में स्कूल के अधिकांश शिक्षक व शिक्षकेत्तर कर्मचारियों के साथ ही विद्यार्थियों व ग्राम के अनेक प्रतिष्ठित नागरिक उपस्थित थे। इस मामले में गोंदिया जिला बजरंग सेना के जिला अध्यक्ष मुकेश मिश्रा द्वारा शासन से मांग की गई है कि इसकी जांच करवा कर संबंधित स्कूल संचालक व मुख्य अध्यापक पर नियम उल्लंघन की कार्रवाई की जाए ।

### महिला महाविद्यालय में नहीं हुआ ध्वजारोहण

शासन द्वारा स्वतंत्रता दिवस व ध्वजारोहण के लिए गाइडलाइन जारी कर स्कूल के ५ कर्मचारियों, शिक्षकों की उपस्थिति में ध्वजारोहण करने का निर्देश दिया गया था। लेकिन गजानन महाराज शिक्षण व कला संस्था घाट टेमनी द्वारा संचालित झिलमिली स्थित महिला महाविद्यालय में ध्वजारोहण नहीं किया गया। इस मामले में भी मुकेश मिश्रा द्वारा कार्रवाई करने की मांग की है।

## कोरोना संक्रमण के संकट पर मात कर विकास के मार्ग को करेंगे प्रशस्त -पालक मंत्री नवाब मलिक



**गोंदिया –** भारतीय स्वतंत्रता दिवस के ७४ वें वर्धापन दिवस का मुख्य शासकीय ध्वजारोहण कार्यक्रम पुलिस मुख्यालय मैदान कारंजा गोंदिया में आयोजित किया गया था। इस अवसर पर ध्वजारोहण के पश्चात उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए पालक मंत्री नवाब मलिक ने कहा कि संपूर्ण विश्व कोरोना की महामारी की चपेट में आ चुका है। जिससे प्रत्येक लोग इस पर मात करने के लिए अपने स्वास्थ्य का उचित ख्याल रखें तथा शासन के दिशा-निर्देशों का पालन करें। कोरोना संक्रमण सामुहिक प्रयासों से ही निश्चित रुप से नियंत्रण पाकर व विभिन्न योजनाओं का प्रभावी तरीके से अमल कर जिले के विकास का मार्ग प्रशस्त किया जाएगा। आगे उन्होंने कहा कि १८५७ से १९४७ तक भारतीय नागरिक ब्रिटिश साम्राज्य से गुलामी से मुक्ति पाने के लिए ९० वर्षों तक संघर्ष किया। भारतीय क्रांतिकारियों के संघर्ष व बलिदान के पश्चात ही १५ अगस्त १९४७ को स्वतंत्रता प्राप्त हुई। राज्य की महाविकास आघाडी सरकार विकास कार्य करने के लिए अथक परिश्रम कर रही है। संकट में आ चुके किसानों को नवसंजीवनी देने का काम महात्मा ज्योतिबा फुले शेतकरी कर्जमुक्ति योजना के माध्यम से किया जा रहा है। जिले में २७ हजार ७४४ किसान इस योजना के लिए पात्र हुए हैं। जिसमें २७ हजार २१ किसानों को १०८ करोड़ ५६ लाख रुपए का लाभ दिया गया है। वर्ष २०२०-२१ के खरीफ मौसम में जिले के ४२३८२ किसानों को २२२ करोड़ ८२ लाख रुपए का फसल कर्ज वितरण किया गया है। जिस के चलते किसानों को कोरोना काल में एक बड़ा आधार मिला है।

नवाब मलिक ने आगे कहा कि कोविड-१९ पर मात करने के लिए महाराष्ट्र में ६०० लैब तैयार किए गए हैं। संक्रमण से लड़ने के लिए हैंडवॉश करने, मास्क लगाने, सामाजिक अंतर के नियमों का पालन करना जरुरी है। जिले का कोरोना वायरस रेट वर्तमान स्थिति में ०.१ है तथा गोंदिया जिला कोविड-१९ मुक्त की ओर बढ़ रहा है। जल्द ही गोंदिया जिला कोविड-१९ से मुक्त हो जाएगा। जिले के सर्वांगीण विकास की दृष्टि से वह प्रयत्नशील है तथा आगामी काल में कोरोना के तीसरे चरण के आने की संभावना डब्ल्यूएचओ द्वारा व्यक्त की गई है। तीसरे चरण में छोटे बच्चों पर इसका असर होने की संभावना है। जिसके चलते जिले में पीडियॉट्रिक वार्ड तैयार किए गए हैं। इसके अलावा अन्य विभिन्न योजनाओं के संदर्भ में जानकारी देकर जिले के विकास के लिए अपनी वचनबद्धता दोहराई है।

आयोजित कार्यक्रम के दौरान विधायक विनोद अग्रवाल, पूर्व सांसद खुशाल बोपचे, जिलाधिकारी नयना गुंडे, पुलिस अधीक्षक विश्व पानसरे, उपवन संरक्षक कुलराज सिंह, अपर जिलाधिकारी राजेश खवले, निवासी उप जिलाधिकारी जयराम देशपांडे सहित विभिन्न विभागों के विभाग प्रमुख उपस्थित थे। साथ ही प्रारंभ में पालकमंत्री मलिक द्वारा ध्वजारोहण कर राष्ट्रध्वज को मानद वंदन देने के पश्चात उपस्थित अतिथियों से सादिच्छा भेट ली। इस के पश्चात जिले में उत्कृष्ट कार्य करने वाले व्यक्तियों का सत्कार किया गया। कार्यक्रम का संचालन व आभार मंजूश्री देशपांडे ने माना।

## कावड़िये युवक की रजेगांव बाघ नदी में डूब कर मौत



**गोंदिया –** श्रावण मास के सोमवार के अवसर पर बड़ी संख्या में कांवड़िया महाराष्ट्र-मध्यप्रदेश की सीमा पर स्थित बाघ नदी से कावड़ लाकर विभिन्न शिव मंदिरों में महादेव का अभिषेक करते हैं। इसी के चलते १६ अगस्त को कावड़ लेने गए कावड़िया छोटा रजेगांव निवासी प्रमोद बंजारी (३६) नामक युवक सुबह ११ बजे के दौरान कावड़ के लिए जल भर रहा था। इसी दौरान उसका संतुलन बिगड़ जाने से नदी में फिसल गया।

इसकी जानकारी रावणवाड़ी पुलिस निरीक्षक को होते ही तत्काल घटनास्थल पर पहुंचकर तलाश अभियान शुरु किया तथा जिला आपदा प्रबंधन विभाग का दल भी घटनास्थल पर पहुंचा। आपदा प्रबंधन बचाओ पथक के कर्मचारियों व स्थानीय गोताखोरों की मदद से युवक की तलाश शुरु की गई। जिसमे तलाशी दौरान बचाओ पथक व गोताखोरों द्वारा युवक के मृत शरीर को नदी से बाहर निकाला गया।

## कामयाबी के लिए निरन्तरता जरुरी - बसपा प्रभारी विलास राऊत

### अर्जुनी मोर एवं तिरोड़ा विधानसभा स्तरीय पदाधिकारी प्रशिक्षण शिविर सम्पन्न




**गोंदिया –** बहुजन समाज पार्टी गोंदिया जिला के तत्वावधान में जिले के चारों विधानसभा क्षेत्र में बसपा पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं के प्रशिक्षण शिविर की शुरुआत १६ अगस्त से अर्जुनी मोरगांव विधानसभा क्षेत्र से की गई। इसी श्रृंखला में १७ अगस्त को तिरोड़ा-गोरेगांव विधानसभा क्षेत्र में भी प्रशिक्षण शिविर संपन्न हुआ।

उपरोक्त शिविरों का आयोजन बसपा प्रदेश सचिव दिनेशसिंग गेडाम की अध्यक्षता में किया गया। जिसमें जिला जोन प्रभारी विलास राऊत मुख्य रुप से केडर ट्रेनर के रुप उपस्थित थे। उपरोक्त प्रशिक्षण के दौरान विलास राऊत ने अपने विस्तृत प्रशिक्षण सत्र के इतिहास से लेकर वर्तमान तक की स्थिति का विश्लेषण करते हुए मिशन की कामयाबी के लिए कायकर्ताओं को निरन्तरता बनाये रखने की सलाह दी। उन्होंने बताया कि विचार चाहे कितने भी अच्छे हो, लेकिन जिन विचारों का निरन्तर प्रचार नहीं होता, वे एक न एक दिन भुला दिए जाते हैं। अत: महापुरुषों की विचारधारा के प्रचार-प्रसार में निरंतरता बनाएं रखना हम सब का दायित्व है।

इस प्रशिक्षण शिविर का मोरगांव अर्जुनी विधानसभा क्षेत्र का आयोजन जिला प्रभारी पवन टेकाम, जिला संगठन मंत्री सतीश वैद्य, जिला कार्यकारिणी सदस्य यशवंत बोरकर, विधानसभा अध्यक्ष केलाश राऊत के नेतृत्व में किया गया। उसी प्रकार तिरोड़ा गोरेगांव विधानसभा क्षेत्र के शिविर का आयोजन जिला कार्यकारिणी सदस्य इंजीनियर आनंद, जिला सचिव भीमराव साखरे, उपाध्यक्ष अशोक बावने, महासचिव आशीष दुपारे के नेतृत्व में किया गया। उपरोक्त शिविरों में प्रमुख अतिथि के रुप में बसपा नेता मोहसिन खान, रोमी नागदेवे तथा क्षेत्र के पदाधिकारी कार्यकर्ता बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

संपादकिय

# ओबीसी बिल के संकेत

कोई भी पार्टी इस वोट बैंक को प्रत्यक्ष या परोक्ष रुप से यह संदेश नहीं जाने देना चाहती कि वह उस के हितों की चिंता करने के मामले में औरों से पीछे हैं। यही वजह है कि केंद्र सरकार फटाफट बिल ले आई और विपक्ष ने भी पेगासस से लेकर कृषि कानूनों तक पर चल रही अपनी आरपार की लड़ाई को कुछ समय के लिए भुला देने में जरा भी हिचक नहीं दिखाई।

लोकसभा ने ओबीसी लिस्ट बनाने के राज्यों के अधिकार से जुड़े संविधान संशोधन विधेयक को जिस तरह से पारित किया, वह काफी कुछ कहता है। पूरे मॉनसून सत्र के दौरान देखा गया विपक्ष का हंगामा, शोर-शराबा और विरोध कुछ समय के लिए थम गया। इस बिल की खातिर विपक्ष ने अपना विरोध स्थगित कर दिया। सत्ता पक्ष और विपक्ष की असाधारण एकजुटता के बीच यह संशोधन विधेयक ३८५ बनाम शून्य मतों से पारित हो गया। अब इसे राज्यसभा में पेश किया जाना है और पूरी संभावना है कि वहां भी यह ऐसी ही आसानी से पारित हो जाएगा। इस बिल की जरुरत इसलिए पड़ी क्योंकि सुप्रीम कोर्ट ने ५ मई को दिए अपने एक फैसले में कहा कि १०२वें संविधान संशोधन के बाद राज्यों को सामाजिक और शैक्षिक रुप से पिछड़े समुदायों की अपनी सूची तैयार करने का अधिकार नहीं है। यानी राज्य सरकारें अपने स्तर पर किसी खास समुदाय को आरक्षण के दायरे में नहीं ला सकतीं। यह अधिकार सिर्फ केंद्र सरकार के पास है। स्वाभाविक रुप से राज्य सरकारों ने इसे अपने अधिकारों में कटौती के रुप में लिया और विपक्षी दल केंद्र पर निशाना साधने लगे। मगर इस संशोधन विधेयक पर सत्ता पक्ष और विपक्ष में जो रजामंदी दिख रही है उसके पीछे संविधान के संघात्मक ढांचे के साथ छेड़छाड़ करने के आरोपों से ज्यादा ओबीसी समुदायों के मजबूत वोट बैंक की भूमिका है।

कोई भी पार्टी इस वोट बैंक को प्रत्यक्ष या परोक्ष रुप से यह संदेश नहीं जाने देना चाहती कि वह उसके हितों की चिंता करने के मामले में औरों से पीछे है। यही वजह है कि केंद्र सरकार फटाफट बिल ले आई और विपक्ष ने भी पेगासस से लेकर कृषि कानूनों तक पर चल रही अपनी आरपार की लड़ाई को कुछ समय के लिए भुला देने में जरा भी हिचक नहीं दिखाई। बिल पर सदन में हुई बहस में भी जो दो मुद्दे प्रमुखता से उठे वे थे- जाति आधारित जनगणना और आरक्षण पर लगी अधिकतम ५० फीसदी की सीमा को समाप्त करने की जरुरत। दोनों ही मसलों पर सरकार का सकारात्मक रुख रहा। ५० फीसदी से ज्यादा आरक्षण के संबंध में हालांकि उसने कोर्ट के फैसलों का हवाला देते हुए सावधानी की जरुरत बताई, लेकिन यह कहना नहीं भूली कि वह इस मसले पर सांसदों की भावना समझती है। जातिवार जनगणना को लेकर भी संकेत हैं कि २०२१ में नियमित जनगणना का काम पूरा होने के बाद इसका काम शुरु करवाया जा सकता है। संसदीय राजनीति के सभी धड़ों में ऐसी व्यापक सहमति बताती है कि बहुत संभव है, हम जल्दी ही एक बार फिर देश में आरक्षण को सभी रोगों की दवा बताने वाली राजनीति हावी होते देखें। एक समाज के रुप में इस दौर का भी सर्वश्रेष्ठ हमें मिले, इसके लिए राजनीति को थोड़ा और क्रिएटिव, थोड़ा और कल्पनाशील बनना होगा।

# गेम्स स्पोर्टस एंड करियर डेवलपमेंट फाउंडेशन का इंदिरा गांधी स्टेडियम गोंदिया में वाचनालय व ग्रीन जिम का उद्घाटन लोकेश यादव के हस्ते



**गोंदिया –** फाउंडेशन की ओर से काफी दिनों से मांग की जा रही थी। शहर के सभी सामान्य वर्ग के खिलाड़ी जो कि पैसे न होने की वजह से जिम नही जा पाता है और न ही कोई पोलिस भर्ती की तैयारी कर पाता है। फाउंडेशन के माध्यम से पार्षद लो केश यादव को निवेदन दिया गया और उन के अथक प्रयास से इंदिरा गांधी स्टेडियम मे ग्रीन जिम और वाचनालय का शुभारंभ हुआ।

कार्यक्रम में उपस्थित फाउंडेशन का उपक्रम पवार फिटनेस अकादमी, आस्तेडू अखाड़ा असोसिएशन, नेटबॉल असोसिएशन, हॉकी असोसिएशन, फुटबॉल असोसिएशन, क्रि केट एसोसिएशन की ओर से लो केश यादव का सत्कार किया गया और उन के जन्मदिन के अवसर पर केक भी काटा गया। लो केश यादव ने अपने अभिभाषण में कहा कि स्पोर्ट्स जगत में इस नई पहल से खिलाड़ियों का मनोबल बढेगा और भविष्य में एक और जिम यहां लगवायी जायगी। कार्यक्रम में उपस्थित फाउंडेशन के अध्यक्ष चेतन मानकर, सचिव विशाल ठा कुर, कोषाध्यक्ष नीलेश फुलबाधे, सहसचिव दीपक सिक्का, फाउंडेशन के प्रवक्ता मुजीब बेग, विकास कापसे, अं कुश गजभिये, निखिल बरबटे, कपिल, अरुण मेश्राम, कृतुराज यादव, मोहित पटेल, कोकाटे सर, रवीना बरेले, खुशबू बंगड़कर, दिनेश बनसोडे, बरकत बेग, गणेश्वर चौधरी, एवं सभी खेलो के खिलाड़ी उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन मुजीब बेग ने किया। कार्यक्रम में सभी खिलाड़ियों ने अपना अमूल्य समय व योगदान दिया।

# सहेसपुर में वीरांगना रानी अवंतीबाई लोधी स्मारक का राजेंद्र जैन के हस्ते अनावरण



गोंदिया तहसील के अंतर्गत आने वाले ग्राम सहेसपुर में साहस व धैर्य की प्रतिमूर्ति वीरांगना रानी अवंतीबाई लोधी के स्मारक का अनावरण पूर्व विधायक राजेंद्र जैन के हस्ते संपन्न हुआ। इस अवसर पर पूर्व विधायक जैन के साथ गुड्डू बोपचे, राजू कटरे, राजू एन.जैन, प्रकाश पटले, शिव नागपुरे, रवि पटले, सविता बेदरकर, सुनील पटले, बेनीराम गावड़े, हितेश पतेहे, हरिकिशन नागपुरे, हंसलाल पतेहे, कुंवरलाल शेंडे, सोनू चौरागढ़े, हीरालाल मोहरे, फूलनबाई राऊत, छायाबाई बावनकर, गीताबाई भोयर, रीना कोल्हारे, धनराज पतेहे, कल्पना पटले, कविता मोहारे, ईश्वरी पटले, त्रिभुवन कोल्हारे, सहित गांव के प्रतिष्ठित नागरिक उपस्थित थे।

# साप्ताहिक राशिफल

**मेष :** कार्यक्षेत्र पर मिलनसार और सौहार्दपूर्ण वातावरण के चलते अच्छा करने को प्रेरित होंगे। धन संबंधित मामलों के लिए समय अनुकूल चल रहा है, जल्द ही कोई आर्थिक लाभ मिलने की संभावना है। अपनी पसंदीदा चीजों पर खर्चा करना संतोषजनक साबित होगा। घर के कामों में मदद करने के आपके स्वभाव की सभी तारीफ करेंगे। संतुलित आहार और नियमित व्यायाम अधिकांश शारीरिक बीमारियों को दूर रखने में मददगार साबित होगा।

**वृषभ :** पढ़ाई में दूसरों से आगे निकलने के लिए देर रात मेहनत करने की आवश्यकता है। कार्यक्षेत्र पर अपने अधिकारों को बांटना काम करने का सही तरीका साबित होगा जिसके चलते आप पर काम का बोझ कुछ कम होगा। प्रोफेशनली अपने काम को लेकर सतर्क रहें और कोई भी गलती न छोड़ें। इस सप्ताह खुशखबरी आपका इंतजार कर रही है। शेयर मार्केट में खोया हुआ पैसा वापस मिलने की संभावना है। सरप्राइज गिफ्ट और कैंडल लाइट डिनर से अपने साथी को प्रभावित करेंगे।

**मिथुन :** काम को लेकर आपके सर्वश्रेष्ठ व्यवहार के चलते किसी महत्वपूर्ण कार्य के अच्छी तरह से पूरा होने की संभावना है। किसी खानदानी विरासत के मिलने में समय लग सकता है, इसलिए खुद पर नियंत्रण रखें। प्रेम संबंधों के लिए समय थोड़ा कठिन चल रहा है। अपने साथी के साथ संबंधों को मजबूत करने की कोशिश करें। नवविवाहित जोड़े एक-दूसरे के साथ समय बिताकर अच्छा महसूस करेंगे। यात्राओं के योग बन रहे हैं। मनपसंद जगह घूमने का मौका मिल सकता है।

**कर्क :** इस हफ्ते चाहे कोई आपके साथ कितना ही गलत कर ले, पर आप उसे माफ करने के मूड में रहेंगे। समाज में आपके द्वारा किए गए प्रयासों की सभी सराहना करेंगे जिसके चलते आपकी लोकप्रियता बढ़ेगी और पहचान मिलेगी। सैलरी में बढ़ोतरी के आपके अनुरोध को सहानुभूति के सुना जा सकता है। किसी को उधार दिया हुआ पैसा तुरंत वापस मिल जाएगा। पुराने दोस्तों से मिलकर और पुरानी यादें ताजा होंगी।

**सिंह :** कार्यक्षेत्र पर कोई आपकी उपलब्धियों की प्रशंसा कर सकता है। विदेश यात्राओं के योग बन रहे हैं। किसी विशेष व्यक्ति से विदेश जाकर मिलने की इच्छा जल्दी ही पूरी होने की संभावना है। इस सप्ताह आप में से कुछ लोग प्रोफेशनली खुद को बेड़ियों में जकड़ा हुआ और असहाय महसूस कर सकते हैं, जो निराशाजनक साबित हो सकता है। किसी लोन को पास कराने में आ रहीं समस्याओं के चलते लोन का विचार छोड़ने की सोच सकते हैं। इस हफ्ते व्यवसाय करने वाले लोगों को विवेकपूर्ण तरीकों से खर्च करने की आवश्यकता है।

**कन्या :** प्रोफेशनल्स और शिक्षा के क्षेत्र से जुड़े लोग अतिरिक्त कार्यभार को कुशलता से पूरा करने में सफल होंगे। कार्यक्षेत्र पर अपने उत्कृष्ट प्रदर्शन के चलते उच्च अधिकारियों का ध्यान अपनी तरफ आकर्षित करने में कामयाब होंगे। किसी सामाजिक काम के लिए पैसों का इंतजाम करने में मेहनत करनी पड़ सकती है। प्रॉपर्टी के किसी विवाद के चलते भाई-बहनों के खिलाफ खड़ा होने की संभावना है, इसलिए बेहतर होगा कि आप समय रहते ही इस समस्या का सौहार्दपूर्ण तरीके से समाधान ढूंढने की कोशिश करें।

**तुला :** धन संबंधित मामलों को लेकर सतर्क रहने की जरुरत है। इस सप्ताह धन संबंधित चली आ रही समस्या को सुलझाने के लिए समय देने की आवश्यकता होगी। माता-पिता या बुजुर्ग आप पर किसी ऐसे काम को करने का दबाव बना सकते हैं जिसे आप सहमत नहीं होंगे। थकान के चलते सुस्ती महसूस कर सकते हैं। आपका साथी इस सप्ताह कुछ समय अकेले रहना चाहते हैं, इसलिए उसकी भावनाओं का सम्मान करें। पढ़ाई में आपसे बेहतर प्रदर्शन की उम्मीद की जा सकती है।

**वृश्चिक :** अपने उत्कृष्ट बातचीत कौशल के चलते इस सप्ताह हर किसी को प्रभावित करने में सफल होंगे। पिछले किए गए किसी निवेश के अच्छे परिणाम मिलने की संभावना है। यात्राओं पर जाने के योग बन रहे हैं। शहर से बाहर परिवार के साथ किसी यात्रा पर जाना मजेदार साबित होगा। कुछ खास हासिल करने का लक्ष्य रखने वालों को कोई नहीं रोक सकता। रोमांस के लिए ये सप्ताह संतोषजनक साबित होगा। अपने साथी के कैंडल लाइट डिनर पर जाकर रोमांचित महसूस करेंगे।

**धनु :** शिक्षा के क्षेत्र से जुड़े लोगों के लिए अच्छा समय चल रहा है। कोई ऑफिस में आपके कार्यभार को साझा करने की पेशकश कर सकता है। प्रेम संबंधों के लिए समय अनुकूल चल रहा है, अपने साथी के साथ समय बिताना और गिफ्ट देना संतोषजनक साबित होगा। विदेश यात्रा पर जाना मजेदार साबित होगा। रियल स्टेट से जुड़े लोग किसी अच्छी डील को करने में कामयाब होंगे। घर पर कुछ बदलावों के करने के आपके सुझाव का सभी लोग स्वागत करेंगे।

**मकर :** सेहत से जुड़ी किसी समस्या में घरेलू उपचार अपनाना फायदेमंद साबित होगा। इस सप्ताह समाज में आपकी लोकप्रियता काफी बढ़ सकती है। करियर के लिए यह सप्ताह काफी उत्कृष्ट साबित होगा। करियर में तरक्की के योग बन रहे हैं। प्रतियोगी परीक्षा में सफलता मिलने की संभावना है। प्रेम संबंधों के लिए समय अच्छा रहेगा। एक-दूसरे के साथ समय बिताने से साथी के साथ आपके संबंध मजबूत होंगे। इस सप्ताह आपके शुभचिंतक आपका सहयोग करेंगे।

**कुंभ :** प्रोफेशनली ये सप्ताह आपके लिए उत्कृष्ट साबित होगा। धनलाभ के योग बन रहे हैं। कुछ समय पहले शुरु किए गए किसी व्यवसाय से लाभ मिलने की संभावना है। आप किसी ऐसे व्यक्ति का सही मार्गदर्शन करने में सफल होंगे, जो आप पर पूरा विश्वास कर रहा है। किसी पार्टी या समारोह के निमंत्रण से आपको लोगों से मिलने और अपने व्यावसायिक हितों को आगे बढ़ाने का अवसर मिल सकता है।

**मीन :** कार्यक्षेत्र पर किसी मुश्किल समस्या का समाधान करने से आपकी प्रतिष्ठा में इजाफा होगा। यात्राओं से अच्छा व्यापार मिलने की संभावना है। इस सप्ताह आर्थिक रुप से आप खुद को बेहतर स्थिति में पाएंगे। अपने किसी ड्रीम प्रोजेक्ट में निवेश करने की योजना बना सकते हैं। घर का माहौल शांत और खुशनुमा रहेगा। दोस्तों और करीबियों के आपके घर आने से घर की रौनक बढ़ेगी। प्रेम संबंधों को लेकर ये सप्ताह संतोषजनक रहेगा।

# मुहर्रम




मुहर्रम इस्लामी वर्ष यानी हिजरी वर्ष का पहला महीना है। हिजरी वर्ष का आरंभ इसी महीने से होता है। इस माह को इस्लाम के चार पवित्र महीनों में शुमार किया जाता है। अल्लाह के रसूल हजरत मुहम्मद (सल्ल.) ने इस मास को अल्लाह का महीना कहा है। साथ ही इस मास में रोजा रखने की खास अहमियत बयान की है। मुख्तलिफ हदीसों, यानी हजरत मुहम्मद (सल्ल.) के कौल (कथन) व अमल (कर्म) से मुहर्रम की पवित्रता व इसकी अहमियत का पता चलता है। ऐसे ही हजरत मुहम्मद (सल्ल.) ने एक बार मुहर्रम का जिक्र करते हुए इसे अल्लाह का महीना कहा। इसे जिन चार पवित्र महीनों में रखा गया है, उनमें से दो महीने मुहर्रम से पहले आते हैं। यह दो मास हैं जीकादा व जिलहिज्जा। एक हदीस के अनुसार अल्लाह के रसूल हजरत मुहम्मद (सल्ल.) ने कहा कि रमजान के अलावा सबसे उत्तम रोजे वे हैं, जो अल्लाह के महीने यानी मुहर्रम में रखे जाते हैं। यह कहते समय नबी-ए-करीम हजरत मुहम्मद (सल्ल.) ने एक बात और जाड़ी कि जिस तरह अनिवार्य नमाजों के बाद सबसे अहम नमाज तहज्जुद की है, उसी तरह रमजान के रोजों के बाद सबसे उत्तम रोजे मुहर्रम के हैं।

इस्लामी यानी हिजरी सन् का पहला महीना मुहर्रम है। इत्तिफाक की बात है कि आज मुहर्रम का यह पहलू आमजन की नजरों से ओझल है और इस माह में अल्लाह की इबादत करनी चाहीये जबकि पैगंबरे-इस्लाम ने इस माह में खूब रोजे रखे और अपने साथियों का ध्यान भी इस तरफ आकर्षित किया। इस बारे में कई प्रामाणिक हदीसें मौजूद हैं। मुहर्रम की ९ तारीख को की जाने वाली इबादतों का भी बड़ा सवाब बताया गया है। हजरत मुहम्मद (सल्ल.) के साथी इब्ने अब्बास के मुताबिक हजरत मुहम्मद (सल्ल.) ने कहा कि जिसने मुहर्रम की ९ तारीख का रोजा रखा, उसके दो साल के गुनाह माफ हो जाते हैं तथा मुहर्रम के एक रोजे का सवाब (फल) ३० रोजों के बराबर मिलता है। गोया यह कि मुहर्रम के महीने में खूब रोजे रखे जाने चाहिए। यह रोजे अनिवार्य यानी जरुरी नहीं हैं, लेकिन मुहर्रम के रोजों का बहुत सवाब है।

अलबत्ता यह जरुर कहा जाता है कि इस दिन अल्लाह के नबी हजरत नूह (अ.) की किश्ती को किनारा मिला था। इसके साथ ही आशूरे के दिन यानी १० मुहर्रम को एक ऐसी घटना हुई थी, जिसका विश्व इतिहास में महत्वपूर्ण स्थान है। इराक स्थित कर्बला में हुई यह घटना दरअसल सत्य के लिए जान न्योछावर कर देने की जिंदा मिसाल है। इस घटना में हजरत मुहम्मद (सल्ल.) के नवासे (नाती) हजरत हुसैन को शहीद कर दिया गया था। कर्बला की घटना अपने आप में बड़ी विभत्स और निंदनीय है। बुजुर्ग कहते हैं कि इसे याद करते हुए भी हमें हजरत मुहम्मद (सल्ल.) का तरीका अपनाना चाहिए। जबकि आज आमजन को दीन की जानकारी न के बराबर है। अल्लाह के रसूल वाले तरीकों से लोग वाकिफ नहीं हैं।

## करबला की जंग

करबला, इराक की राजधानी बगदाद से १०० किलोमीटर दूर उत्तर-पूर्व में एक छोटा-सा कस्बा। १० अक्टूबर ६८० (१० मुहर्रम ६१ हिजरी) को समाप्त हुई। इसमें एक तरफ ७२ एशिया मत के अनुसार १२३ यानी ७२ मर्द-औरतें और ५१ बच्चे शामिल थे। और दूसरी तरफ ४०,००० की सेना थी। हजरत हुसैन की फौज के कमांडर अब्बास इब्ने अली थे। उधर यजीदी फौज की कमान उमर इब्ने सअद के हाथों में थी। हुसैन इब्ने अली इब्ने अबी तालिब हजरत अली और पैगंबर हजरत मुहम्मद (सल्ल.) की बेटी फातिमा (रजि.) के पुत्र। जन्म ८ जनवरी ६२६ ईस्वी (मदीना, सऊदी अरब) ३ शाबान ४ हिजरी। शहादत १० अक्टूबर ६८० ई. (करबला, इराक) १० मुहर्रम ६१ हिजरी। मुसलमानों का मानना है कि मोहर्रम के इस माह में अल्लाह की खूब इबादत करनी चाहिए। पैगंबरों ने इस माह में खूब रोजे रखे। जानकारी के लिए बता दें कि अल्लाह की बन्दगी तो आठों पहर और सोते जागते करनी चाहिए। अल्लाह की बन्दगी का कोई महीना विशेष या दिन विशेष नहीं होता। अल्लाह की बन्दगी पूर्ण तत्वदर्शी सन्त जिसे कुरान के सूरत अल फुरकान २५:५९ में बाखबर कहा है, के द्वारा बताई साधना विधि से की जा सकती है। मुस्लिम समाज में मनाया जाने वाला प्रसिद्ध शोक जश्न मुहर्रम सिर्फ लोकमान्यताओं पर आधारित है। हजरत मोहमद ने कभी नहीं कहा कि आप अल्लाह के लिए खून बहाओ या अपने आप को कष्ट दो। और न ही इसका प्रमाण मुस्लीम समाज के पवित्र धर्मग्रंथों (कुरान, इनजिल, जबूर आदि) में हैं।

## मुहर्रम और आशुरा



मुहर्रम महीने के १० वें दिन को **आशूरा** कहते है। आशूरा के दिन हजरत रसूल के नवासे हजरत इमाम हुसैन को और उनके बेटे घरवाले और उनके साथियों (परिवार वाले) को करबला के मैदान में शहीद कर दिया गया था।



मुहर्रम इस्लाम धर्म में विश्वास करने वाले लोगों का एक प्रमुख त्यौहार है। इस माह की बहुत विशेषता और महत्व है। सन् ६८० में इसी माह में कर्बला नामक स्थान मे एक धर्म युद्ध हुआ था, जो पैगम्बर हजरत मुहम्म्द स. के नाती तथा इब्न ज्याद के बीच हुआ। इस धर्म युद्ध में वास्तविक जीत हजरत इमाम हुसैन अ. की हुई। पर जाहिरी तौर पर इब्न ज्याद के कमांडर शिम्र ने हजरत हुसैन रजी और उनके सभी ७२ साथियों (परिवार वालों) को शहीद कर दिया था। जिसमें उनके छ: महीने की उम्र के पुत्र हजरत अली असगर भी शामिल थे। और तभी से तमाम दुनिया के ना सिर्फ मुसलमान बल्कि दूसरी कौमों के लोग भी इस महीने में इमाम हुसैन और उनके साथियों की शहादत का गम मनाकर उनकी याद करते हैं। आशूरे के दिन यानी १० मुहर्रम को एक ऐसी घटना हुई थी, जिसका विश्व इतिहास में महत्वपूर्ण स्थान है। इराक स्थित कर्बला में हुई यह घटना दरअसल सत्य के लिए जान न्योछावर कर देने की जिंदा मिसाल है। इस घटना में हजरत मुहम्मद के नवासे हजरत हुसैन को शहीद कर दिया गया था।

कर्बला की घटना अपने आप में बड़ी विभत्स और निंदनीय है। बुजुर्ग कहते हैं कि इसे याद करते हुए भी हमें हजरत मुहम्मद (सल्ल.) का तरीका अपनाना चाहिए। जबकि आज आमजन को दीन की जानकारी न के बराबर है। अल्लाह के रसूल वाले तरीकों से लोग वाकिफ नहीं हैं। ऐसे में जरुरत है हजरत मुहम्मद (सल्ल.) की बताई बातों पर गौर करने और उन पर सही ढंग से अमल करने की जरुरत है। इमाम और उनकी शहादत के बाद सिर्फ उनके एक पुत्र हजरत इमाम जैनुलआबेदीन, जो कि बीमारी के कारण युद्ध मे भाग न ले सके थे बचे। दुनिया मे अपने बच्चों का नाम हजरत हुसैन और उनके शहीद साथियों के नाम पर रखने वाले अरबो मुसलमान हैं। इमाम हुसेन की औलादे जो सादात कहलाती हैं दुनियाभर में फैली हुयी हैं। जो इमाम जेनुलाबेदीन अ. से चली।

## ताजिया का जुलूस

१२वीं शताब्दी में गुलाम वंश के पहले शासक कुतुब-उद-दीन ऐबक के समय से ही दिल्ली में इस मौके पर ताजिये (मोहर्रम का जुलूस) निकाले जाते रहे हैं। इस दिन शिया मुसलमान इमामबाड़ों में जाकर मातम मनाते हैं और ताजिया निकालते हैं। भारत के कई शहरों में मोहर्रम में शिया मुसलमान मातम मनाते हैं लेकिन लखनऊ इसका मुख्य केंद्र रहता है।

## मुहर्रम का शोक

मुहर्रम का शोक या मुहर्रम या मुहर्रम पर्व का स्मरण शिया और सुन्नी मुसलमान दोनों से जुड़े अनुष्ठानों का एक धार्मिक कार्य है। इस्लामिक कैलेंडर के पहले महीने मुहर्रम में स्मारक आता है। यह आयोजन करबाला की लडाई की सालगिरह है, जब इमाम हुसैन इब्न अली को परिवार सहित दूसरे उमाय्याद खलीफ दुवारा कर्बला की लड़ाई में शहीद कर दिया था। इस घटना के दौरान इस घटना की याद वार्षिक शोक का, आशुरा के दिन के रुप में, शिया सांप्रदायिक पहचान को परिभाषित करता है।

## शिया और सुन्नी शोक में अन्तर

शोक प्रकट करने के लिए शिया मुसलमान अकेले में और सार्वजनिक रुप से अपने सीने को पीटते हैं, रोते हैं और इमाम हुसैन की याद में गीतों (मरसियों) को गाते हैं। सुन्नी मुसलमान केवल इस अवसर का स्मरण करते हैं। कुछ स्थानों पर अलम बिठाने का कार्य सुन्नी भी करते हैं।

शिया लोग मुहर्रम में विवाह नहीं करते तथा तथा इस महीने में पति-पत्नि के सम्बंध नहीं बनाते। विवाह न करने की प्रथा सुन्नियों में भी रही है, परन्तु वहाबी और उदारपंथी विचारधारा के तहत आजकल कई सुन्नी मुसलमान मुहर्रम में विवाह कर रहे हैं।

## ताजिया

ताजिया बाम्स की कमाचियों पर रंग-बिरंगे कागज, पन्नी आदि चिपका कर बनाया हुआ मकबरे के आकार का वह मंडप जो मुहर्रम के दिनों में मुसलमान/शिया लोग हजरत-इमाम-हुसेन की कब्र के प्रतीक रुप में बनाते है और जिसके आगे बैठकर मातम करते और मर्सिये पढ़ते हैं। ग्यारहवें दिन जलूस के साथ ले जाकर इसे दफ्न किया जाता है। मीलादुन नबी, यौम-ए-आशूरा, मुहर्रम, औलिया के उर्स के मौकों पर ताजिए बनाए और सजाए जाते हैं। मुहर्रम में खास तौर पर ताजिया हजरत इमाम हुसैन की याद में बनाया जाता है।

भारत में सबसे अच्छी ताजियादारी जावरा मध्यप्रदेश में होती है। यहां ताजिये बांस से नहीं बनते है बल्कि शीशम और साग्वान कि लकड़ी से बनाते है। जिस पर कांच और माइका का काम होता है। जावरा में ३०० से ज्यादा (१२ फीट) के ताजिए बनते है।

**साभार : विकिपीडिया**

# जिलाधिकारी कार्यालय में जिलाधिकारी नयना गुंडे के हस्ते ध्वजारोहण



**गोंदिया** – स्वतंत्रता दिवस के ७४ वे वर्धापन दिवस के अवसर पर जिलाधिकारी कार्यालय में जिलाधिकारी नयना गुंडे के हस्ते ध्वजारोहण किया गया। इस अवसर पर कार्यालय के सभी विभाग प्रमुख व कर्मचारी उपस्थित थे। १५ अगस्त की सुबह ८.१५ पर जिलाधिकारी द्वारा ध्वजारोहण किया गया। जिसके पश्चात पुलिस पथक द्वारा मानव वंदना दी गई। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी राजेश खवले, निवासी उप जिलाधिकारी जयराम देशपांडे, जिला नियोजन अधिकारी कावेरी नाखले, जिला आपूर्ति अधिकारी देवराज वानखेड़े, कोषागार अधिकारी एल.एच. बाविस्कर, आपदा व्यवस्थापन अधिकारी राजन चौबे, जिला विज्ञान सूचना अधिकारी पंकज गजभिये, जिला नियोजन अधिकारी मानव विकास प्रणोती बुलकुंडे, जिला कौशल्य विकास अधिकारी राजू माटे, प्रभारी उप जिलाधिकारी सामान्य लीना फलके, जिला माहिती कार्यालय के माहिती सहायक के.के. गजभिए उपस्थित थे। इस अवसर पर जिलाधिकारी नयना गुंडे ने उपस्थित सभी अधिकारियों और कर्मचारियों को स्वतंत्रता दिन की शुभेच्छा दी।

# नागरिकों को स्वास्थ्य की उत्तम सुविधा होंगी प्राप्त - पालकमंत्री नवाब मलिक

## एकोड़ी के स्वास्थ्य केंद्र की इमारत का किया लोकार्पण



गोंदिया - राष्ट्रीय स्वास्थ्य अभियान के अंतर्गत ग्राम एकोड़ी के स्वास्थ्य केंद्र इमारत का निर्माण किया गया था। जिसका लोकार्पण पालकमंत्री नवाब मलिक के हस्ते किया गया। इस अवसर पर उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि इमारत के निर्माण होने से परिसर के नागरिकों को स्वास्थ्य की उत्तम सुविधा प्राप्त होंगी। आगे उन्होंने कहा कि १४ अगस्त से स्वास्थ्य केंद्र में आरोग्य सेवा शुरु की गई है तथा एक सुसज्जित व दर्जेदार इमारत तैयार की गई है। साथ ही जिले के मेडिकल कॉलेज की इमारत का आगामी कुछ ही दिनों में भूमिपूजन किया जाएगा तथा उपरोक्त स्वास्थ्य केंद्र की इमारत के लिए एकोड़ी के स्वर्गीय मोतीराम पसीने द्वारा १ एकड़ भूमि दान दी गई है। जिसके चलते उपरोक्त स्वास्थ्य केंद्र को मोतीराम पसीने का नाम दिया जाए, ऐसी सर्वसम्मति से मांग प्राप्त हुई है। जिसके चलते ग्राम पंचायत में उपरोक्त प्रस्ताव तैयार कर जिला परिषद मुख्य कार्यकारी अधिकारी के समक्ष पेश किया जाए तथा उपरोक्त प्रस्ताव को निश्चित रुप से मान्यता दी जाएगी। साथ ही स्वास्थ्य केंद्र का रुपांतरण ग्रामीण चिकित्सालय के लिए करने का भी प्रस्ताव दिया जाए, जिसे भी मान्यता दी जाएगी।

आयोजित कार्यक्रम के अध्यक्ष के स्थान पर सांसद प्रफुल पटेल उपस्थित थे। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि उपरोक्त क्षेत्र के नागरिकों के लिए उपयुक्त स्वास्थ्य केंद्र की इमारत का निर्माण हुआ है। जिसका लाभ निश्चित रुप से ही क्षेत्र के नागरिकों को होगा तथा गोंदिया जिले के नागरिकों को स्वास्थ्य की उत्तम सेवा प्राप्त हो इसके लिए जल्द ही मेडिकल कॉलेज की इमारत का भूमि पूजन किया जाएगा। एक दूसरे से तालमेल बनाकर ही जिले का विकास किया जा सकता है। जिले के विकास के लिए प्रत्येक की जिम्मेदारी है।

विधायक विजय रहांगडाले ने कहा कि स्वास्थ्य विभाग में रिक्त पदों की तत्काल भर्ती की जाए, जिससे नागरिकों को उत्तम सुविधा प्राप्त हो सके। साथ ही प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र सुकड़ी, बेरडीपार, वड़ेगांव की इमारत का निर्माण कार्य पूर्ण कर उद्घाटन किया जाए, ऐसी अपेक्षा व्यक्त की। धापेवाडा चरण दूसरों के पूर्ण काम हो चुका है, जिससे ३०,००० हेक्टर कृषि भूमि सिंचाई क्षेत्र में आएंगी।

ग्राम पंचायत सरपंच शालू चौधरी ने कहा कि उपरोक्त इमारत का निर्माण कार्य ५ करोड रुपए की लागत से किया गया है। आरोग्य केंद्र का ग्रामीण चिकित्सालय में रुपांतरण किया जाए, जिससे क्षेत्र के नागरिकों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधा प्राप्त हो सके।

आयोजित कार्यक्रम के अवसर पर विधायक विजय रहांगडाले, अभिजीत बंजारी, पूर्व सांसद खुशाल बोपचे, पूर्व विधायक राजेंद्र जैन, जिला अधिकारी नयना गुंडे, पुलिस अधीक्षक विश्व पानसरे प्रमुख रुप से उपस्थित थे। कार्यक्रम की प्रस्तावना जिला स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. नितिन कापसे, संचालन हेमंत पटले ने किया तथा आभार तहसील स्वास्थ्य अधिकारी डॉ वेदप्रकाश चौरागढे ने माना। कार्यक्रम में उपविभागीय अधिकारी वंदना सवरंगपते, विभागीय कार्यकारी अभियंता राजेंद्र लोंडे, ठेकेदार अजीत जैन उपअभियंता पवन कुंडे, एकोड़ी के स्वास्थ्य अधिकारी विवेक चचेरे पूर्व जिप सदस्य योगेंद्र भगत व एकोड़ी परिसर के नागरिक उपस्थित थे।

# पालकमंत्री के हस्ते तीन अग्निशमन वाहनों का लोकार्पण

**गोंदिया** – जिला नियोजन समिति के अग्निशमन सेवा के सक्षमीकरण योजना के अंतर्गत जिले की गोरेगांव, अर्जुनी मोरगांव नगर पंचायत व आमगांव नगर परिषद के लिए ३ नए अग्निशमन वाहन उपलब्ध हुए थे। उपरोक्त वाहनों का लोकार्पण जिलाधिकारी कार्यालय में पालकमंत्री नवाब मलिक के हस्ते किया गया। प्रत्येक अग्निशमन वाहन ९५ लाख रुपए कीमत की होने के साथ ही ४५०० लीटर पानी की क्षमता है। जिससे दुर्गम क्षेत्र, शहर तथा आसपास के परिसर में आग की घटना घटित होने पर तत्काल मदद मिल सकेगी। ऐसा इस अवसर पर नवाब मलिक ने कहा।

आयोजित कार्यक्रम के अवसर पर सांसद प्रफुल पटेल, विधायक विनोद अग्रवाल, अभिजीत बंजारी, सहेसराम कोरोटी, जिलाधिकारी नयना गुंडे, पुलिस अधीक्षक विश्व पानसरे, अपर जिलाधिकारी राजेश खवले, निवासी उपजिलाधिकारी जयराम देशपांडे, जिला नियोजन अधिकारी कावेरी नाखले, नगर परिषद मुख्याधिकारी करण चौहान, उपविभागीय अधिकारी वंदना सधरंगपते, तहसीलदार आदेश डफर, प्रभारी अग्निशमन अधिकारी लोगचंद भंडारकर, आपदा व्यवस्थापन अधिकारी राजन चौबे व जिला नियोजन अधिकारी मानव विकास प्रणोती बुलकुंडे उपस्थित थे।

# भारतीय बौद्ध महासभा सर्कल नवरगांव के बटाना में वर्षावास कार्यक्रम का आयोजन

**संवाददाता खातिया** – भारतीय बौद्ध महासभा राष्ट्रीय अध्यक्ष महाउपाशिका मीरा आंबेडकर द्वारा वायु गति से चलाए जा रहे धम्म कार्य एवं भारतीय बौद्ध महासभा केंद्र, राज्य, जिला के दिशा-निर्देशानुसार मिले विषयों को लेकर वर्षावास कार्यक्रमों का विविध सर्कलों के ग्राम शाखाओं में जिला शाखा, तहसील शाखा, सर्कल शाखा, ग्राम शाखा इन सभी के संयुक्त तत्वावधान में वर्षावास कार्यक्रम लगाए जा रहे हैं। इसी प्रक्रिया के दौरान ग्राम शाखा झिलमिली के साथ-साथ नवरगांव सर्कल ग्राम शाखा बटाना में तहसील अध्यक्ष एन.एल. मेश्राम की अध्यक्षता में वर्षावास कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

इस अवसर पर भारतीय बौद्ध महासभा जिला शाखा के अध्यक्ष देवाराम मेश्राम, नवरगांव सर्कल अध्यक्ष ओंकार ऊ के, केंद्रीय शिक्षक अरविंद सूर्यवंशी, तहसील उपाध्यक्ष बाबूलाल गड़पायले, मनोहर भावे, नरेंद्र बोरकर, बोधाचारी तुलसीदास मेश्राम, कोषाध्यक्ष उत्तम रामटे के, मुंडीपार सर्कल महासचिव अजय गजभिए, कामठा सर्कल अध्यक्ष योगीराज वंजारी, विजय गड़पायले, विजय मेश्राम, कोमल कुमार नंदागवली, चंद्रिकापुरे, नरेंद्र गजभिए, शिक्षिका भुनेश्वरी श्याम कुवर, चौरे सर आदि ग्राम शाखा के बौद्ध उपासक उपाशिकाएं उपस्थित थी। इस अवसर पर सर्वप्रथम तथागत भगवान गौतम बुद्ध व बोधिसत्व परमपूज्य डॉ.बाबासाहेब आंबेडकर प्रतिमा पर माल्यार्पण कर दीप प्रज्वलित किया गया। उपस्थित सभी प्रमुख अतिथियों के माध्यम से वर्षावास कार्यक्रम के महत्व को समझाते हुए प्रज्ञा शील करुणा व डॉ. बाबासाहेब आंबेडकर का देश के लिए योगदान इस विषय को लेकर मार्गदर्शन किया गया। कार्यक्रम का संचालन महासचिव कोमल कुमार नंदागवली ने किया। अंत मे शरनतनय लेकर कार्यक्रम का सम्पन्न किया गया।

## १५ अगस्त : स्वतंत्रता दिवस की ७५वीं वर्षगांठ पर

# जिले के विभिन्न स्थानों पर शान से लहराया तिरंगा



## विधायक विनोद अग्रवाल के हस्ते ध्वजारोहण

**गोंदिया** – स्वतंत्रता दिवस की ७५ वी वर्षगांठ पर गोंदिया विधानसभा क्षेत्र के विधायक विनोद अग्रवाल के हस्ते विभिन्न स्थानों पर ध्वजारोहण किया गया। जिसमें चावड़ी चौक, गौतम नगर, सेंट जेवियर स्कूल सहित विभिन्न स्थानों पर ध्वजारोहण किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि स्वतंत्रता दिवस यह स्वतंत्रता के लिए बलिदान देने वाले शहीदों का स्मरण कराता है। जिन शहीदों ने देश की स्वतंत्रता के लिए अपना बलिदान दिया, ऐसे शहीदों को भावपूर्ण नमन। इस अवसर पर विधायक अग्रवाल के साथ अनेक कार्यकर्ता व पदाधिकारी उपस्थित थे।

## धोटे बंधू विज्ञान महाविद्यालय में ७५वा स्वतंत्रता दिवस संपन्न

धोटे बंधू विज्ञान महाविद्यालय में ७५वा स्वतंत्रता दिवस प्राचार्य डॉ. अंजन नायडू के मार्गदर्शन में बड़े ही हर्ष व उल्लास के साथ मनाया गया। इस उपलक्ष में महाविद्यालय के द्वारा विद्यार्थियों में देशभक्ति की भावना को कायम रखने एवं भारत के वीर स्वतंत्रता सेनानियों को स्मरण करने तथा उन्हें श्रद्धांजलि देने के लिए भाषण, गीत गायन एवं कविता पठन जैसी प्रतियोगिताओं का माइक्रोसॉफ्ट टीम द्वारा ऑनलाइन माध्यम से आयोजन किया गया।

कार्यक्रम की शुरुवात राष्ट्रगान से की गई। तद्पश्चात विद्यार्थियों को आज का महत्व समझाते हुए प्रतियोगिता की शुरुवात की गई। विद्यार्थियों ने वर्तमान संदर्भ में आजादी का महत्व इस विषय पर अपने विचार व्यक्त किये। कार्यक्रम का आयोजन एवं संचालन प्रा. प्रीती नागपुरे लिल्हारे ने किया। भाषण प्रतियोगिता में प्रथम स्थान बीएस.सी. तृतीय वर्ष की छात्रा तस्नीम कौसर कुरैशी, द्वितीय बीएस.सी. तृतीय वर्ष की छात्रा ट्विंकल तोलानी एवं तृतीय स्थान बीएस.सी. तृतीय वर्ष की छात्रा अपर्णा मेश्राम को प्राप्त हुआ। गीत गायन प्रतियोगिता में प्रथम बीएस.सी. तृतीय वर्ष की छात्रा ट्विंकल पारधी, द्वितीय बीएस.सी. तृतीय वर्ष की छात्रा श्रद्धा सुमन ठा कुर को प्राप्त हुआ। कविता पठन प्रतियोगिता में प्रथम बीएस.सी. तृतीय वर्ष के छात्र वीरेंद्र चौधरी को प्राप्त हुआ। प्रतियोगिता को सफल बनाने में महाविद्यालय के उपप्राचार्य प्रा.एस.पी. तिमांडे, डॉ.एस. के. पालीवाल, डॉ. दिलीप जेना तथा डॉ. आनंद मोरे ने विशेष योगदान दिया।

## श्री दिगंबर जैन समाज मनाया स्वतंत्रता दिवस



प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष श्री दिगंबर जैन समाज के पदाधिकारियों, वरिष्ठ सदस्यों, शहर के प्रबुद्ध नागरिकों के साथ गोरेलाल चौक स्थित दिगंबर जैन मंदिर के परिसर में भारत की शान तिरंगा मान-सम्मान एवं उल्लास के साथ फहराया गया। इस अवसर पर समाज के अध्यक्ष संजय जैन, उपाध्यक्ष बसंत जैन, सचिव हिरेश जैन, कोषाध्यक्ष देवेंद्र जैन, पूर्व ट्रस्टी सुकमाल जैन, महिला मंडल अध्यक्ष कांतिदेवी जैन ने अपने शुभकामना संदेश प्रेषित किये।

अध्यक्ष संजय जैन ने उद्बोधन में कहा कि अमर शहीदों के द्वारा लंबे संघर्ष के बाद प्राप्त आजादी की धरोहर को मजबूत करते हुए अपने आने वाली पीढ़ियों को सौपना है। उन्होंने बताया कि किस प्रकार जैन संत आचार्यश्री विद्यासागरजी महाराज की प्रेरणा पाकर देश की सरकार एवं प्रधानमंत्री के द्वारा हथकरघा उद्योग, नई शिक्षा नीति, इंडिया नहीं भारत बोलो, अहिंसा की नीति को अपनाते हुए भारत को मजबूत एवं स्वावलंबी बनाया जा रहा है। विश्वव्यापी महामारी कोरोना के संकट में भारत पूरे संसार का सहयोगी बनते हुए विश्व का सिरमौर बनते जा रहा है। इन सभी उपलब्धियों का जिक्र करते हुए पूरे नगरवासी एवं देशवासियों को ७५वे स्वतंत्रता दिवस की शुभकामनाएं प्रेषित की गई।

## १५ अगस्त पर राष्ट्रवादी कार्यालय व विविध स्थानों में जिले के पालकमंत्री व राजेंद्र जैन के हस्ते ध्वजारोहण

गोंदिया - १५ अगस्त २०२१ स्वतंत्रता दिवस के शुभ अवसर पर गोंदिया में जिले के पालकमंत्री व अल्पसंख्याक मंत्री नवाब मलिक व पूर्व विधायक राजेंद्र जैन के हस्ते राष्ट्रवादी कांग्रेस भवन व विविध स्थानों पर ध्वजारोहण कार्यक्रम संपन्न हुआ।

इस अवसर पर जिल्हाध्यक्ष विजय शिवणकर, खुशाल बोपचे, देवेंद्रनाथ चौबे, शिव शर्मा, गंगाधर परशुरामकर, विनोद हरिनखेड़े, किशोर तरोने, गुड्डू बोपचे, केतन तुरकर, अशोक सहारे, सुशीला भालेराव, आशा पाटिल, विनीत शहारे, सुनील भालेराव, विशाल शेंडे, सूर्यकान्त जैस्वाल, हु कुमचंद अग्रवाल, मनोहर वालदे, सतीश देशमुख, हेमंत पधरे, सचिन शेंडे, गौसिया खान, राजू एन. जैन, के.बी.चौहान, जितेश टेंभरे, अखिलेश सेठ, दुर्गा तिराले, प्रिया हरिनखेड़े, गणेश बरडे, गोपाल तिराले, वेणेश्वर पंचबुद्धे, रवि मुदरा, गणेश ढोये, महेश करियार, संदीप पटले, लखन बहेलिया, सौरभ जैस्वाल, दीपक कनोजे, आनंद ठा कुर, राजेश दवे, शैलेश वासनिक, सुनील पटले, जिम्मी गुप्ता, कुंडा दोनोडे, रमन उ के, विष्णु शर्मा, राजू रैयानी, रॉकी यादव, रौनक ठा कुर, हरबक्श गुरनानी, अशोक जैन, दिनेश अग्रवाल, सुरेश अग्रवाल, झलक बिसेन, योगेश दर्वे, घनश्याम दर्वे, अशोक चुटे, रुपसेन बघेल, अमित कानतोडे, गुड्डू बिसेन, मामा बंसोड़, नसरुद्दीन अगवान, लता रहांगडाले, पुस्तकला माने, दिलीप पाटिल, जुनेद शेख, जलील पठान, खलील पठान, करण टेकाम, लव माटे, विनोद पटले, रमेश कुरील , चन्द्र कुमार चुटे, सौरभ रोकड़े, एकनाथ वहीले, रमेश गौतम, शिवलाल नेवारे, रामकृष्ण गौतम, पुरन ऊ के, विनायक खैरे, विनायक शर्मा, मुकित खान, त्रिलोक तुरकर, हरगोविंद चौरसिया, जयंत कछुवाह, बाल्या कोसरकर, श्रीधर चन्ने, कपिल बावनथडे, कुणाल बावनथडे, सोनू मोरकर, आशीष धार्मिक, प्रिंस जुनेजा, नितिन मेश्राम, कनक दोनोडे, हर्षित चंदेल, नरेंद्र बेलगे, वामन गेडाम, नसरुद्दीन तिगाला, अहमदभाई, मन्नूभाई, साबिरभाई, निजामभाई, रियाजभाई, मु केश बरई, जगन्नाथ रामटे के, अविनाश, वेदप्रकाश चौरगड़े, मुन्ना अवस्थी, प्रदीप ठवरे, शिबू जैस्वाल, अभिजीत सहारे, प्रवीण बैस, मनीष जैन, नरेश पांडे, मनीष कापसे, नितिन लिल्हारे, रोहित बहेलिया, अनिल हेमने, शुभम पलांदुरकर, बंडू करसायल, पराग तिवारी, आकाश पांचवानी, चंदू डिब्बे, जॉर्डन, डेविड कार्नर, शैलेश शर्मा, संजू शर्मा, संजय रावत के साथ ही गोंदिया जिले के राष्ट्रवादी कांग्रेस के वरिष्ठ पदाधिकारी, कार्यकर्ता व गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।



# बुलंद गोंदिया की प्रथम वर्षगाँठ पर गणमान्यों दी शुभकामनाएँ














# सूरतोली-लोहारा मार्ग हुआ गड्ढामय



## नागरिकों व विद्यार्थियों को हो रही परेशानी रस्ते बने तलाव

देवरी तहसील के अंतर्गत हो रही निरंतर बारिश के चलते सूरतोली से लोहारा मार्ग जो पूरी तरह गड्ढामय हो गया है। जिसमें बारिश का पानी भर जाने से मार्ग तलाव का स्वरुप ले चुके हैं। जिससे नागरिकों, पैदल चलने वाले व शालेय विद्यार्थी, वाहन चालकों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है तथा आए दिन दुर्घटना भी घटित हो रही है ।

गौरतलब है कि सूरतोली परिसर व ग्राम के अंतर्गत आने वाले सभी मार्गो की बदहाल स्थिति हो चुकी है। सभी मार्ग गड्ढामय हो गए हैं जिससे नागरिकों को गड्ढों में से रास्ता तलाश कर आवागमन करना पड़ रहा है। साथ ही वाहन चालकों की जरा-सी चूक होने से दुर्घटना भी घटित हो रही है। सूरतोली-लोहारा के मुख्य मार्ग पर डॉ. बाबासाहेब आंबेडकर स्कूल स्थित होने से विद्यार्थियों को भी इस मार्ग से आने जाने में काफी परेशानियां हो रही है। उपरोक्त मार्ग पूरी तरह कीचड़ युक्त हो चुका है। इसके साथ ही संपूर्ण मार्ग तलाब का स्वरुप ले चुका है। मार्ग पर दिशा सूचक फलक नहीं होने से अनेक बार वाहन चालक जंगल क्षेत्र में चले जाते हैं। जिससे दुर्घटना भी घटित हो रही है तथा ग्राम के अनेक मार्गो मे गड्ढामय होने से नागरिक काफी त्रस्त हो गए हैं। लेकिन ग्राम पंचायत प्रशासन द्वारा इस ओर दुर्लक्ष की जा रही है। ग्राम के नागरिकों ने मांग की है कि उपरोक्त मार्ग का जल्द से जल्द सुधार कार्य कर नागरिकों को राहत प्रदान करें।

## स्वतंत्रता दिवस पर कोरोना योद्धा के रुप में कार्यरत

# अंजुमन कमेटी का पालकमंत्री के हस्ते सत्कार



**गोंदिया** – कोविड संकट के शुरुवाती तालाबंदी के दौर से अपने फ्रंटलाईन वर्कर के रुप में सामने आकर सामाजिक कार्यों का दायित्व निभाने व तन-मन और धन लगाकर सैकड़ों लोगों तक जरुरतमंद सामग्री पहुंचाने, उन्हें मदद व सहयोग देने, मरीजों को सेवा देने तथा जिला प्रशासन के माध्यम से मुख्यमंत्री सहायता कोष में निधि देने के साथ ही राज्य जनजागृति अभियान मेरा परिवार-मेरी जिम्मेदारी अभियान में घर-घर पोस्टर लगाने, जनजागृति करने व प्रसार-प्रचार हेतु ऑटो, वाहन में पोस्टर व भोंपू लगाकर जनजागृति करने पर आज १५ अगस्त स्वतंत्रता दिवस की ७५वी वर्षगांठ पर गोंदिया जिले के पालकमंत्री नवाब मालिक द्वारा कोविड योद्धा के रुप में अंजुमन कमेटी, अंसारी वार्ड गोंदिया को गौरान्वित करते हुए प्रशस्ति पत्र एवं सम्मान चिन्ह देकर सत्कार किया गया।

अंजुमन कमेटी गोंदिया द्वारा कोविड संकटकाल में नागरिकों को की गई मदद, जरुरतमंदों को सहयोग एवं प्रशासन को हर स्तर पर ततपरता से साथ देने पर पालकमंत्री नवाब मालिक ने संस्था के पदाधिकारियों की प्रशंसा कर पीठ थपथपाई। संस्था के कार्यों से प्रेरीत होकर जिलाधिकारी नयना गुंडे एवं उपविभागीय अधिकारी गोंदिया वंदना सवरंगपते ने भी शुभकामनाएं देकर बधाई दी।

इस अवसर पर संस्था पदाधिकारी अफसर अकबर खान, रिजवान रशीद शेख, रेहान मेमन, शकील जाफरी मुबारक तिगाला, इमरान पठान, सरफराज खान, साबिर शेख, सकील अकबर खान, इमरान पोथियावाला, हुसैन महबूब शेख, फिरोज पठान, जाहिद सोलंकी, सईद रसीद शेख, इमरान शेख, मोनिस खान, फैयाज मेमन, गनी अगरबत्ती, सादिक शेख, राजाबेग, इरशाद मेमन आदि प्रमुखता से उपस्थित थे।

# पार्षद लोकेश यादव को जन्मदिन पर हजारों ने दी शुभकामनाएं



गोंदिया नगर परिषदके लोकप्रिय पार्षद व जय श्री महाकाल सेवा समिति के संस्थापक अध्यक्ष लोकेश (कल्लू) यादव के जन्मदिवस १५ अगस्त के अवसर पर शहर व जिले के साथ ही राज्य के विभिन्न स्थानों से हजारों लोगों द्वारा शुभकामनाएं देकर उज्जवल भविष्य की बधाईयां दी गयी।

बधाईयां देने वालों में प्रमुख रुप से फोन पर सांसद प्रफुल पटेल, विधायक परिणय फुके, विधायक विनोद अग्रवाल, पूर्व विधायक गोपालदास अग्रवाल, विधायक नरेंद्र भोंडेकर, शिवसेना संपर्क प्रमुख धुमाड साहब पुणे तथा उन के निवास पर पहुंच कर नारी चंदवानी, साजन वाधवानी, राजू नोतानी, महेश आहूजा, कमल लालवानी, राजेंद्र जैन, अशोक इंगले, चुन्नी बेंद्रे, अखिलेश सेठ, देवेंद्रनाथ चौबे, मुकेश शिवहरे, वीरेंद्र जायसवाल, गोंदिया जिला कलार समाज सचिव तीर्थराज ऊके, गेम्स स्पोर्ट्स करियर डेवलोपमेन्ट फाउंडेशन और फिटनेस पावर अकादमी, ग्रीन जीम ओपन, लाइब्रेरी सार्वजनिक, गोंदिया रॉयल संजीवीनी द्वारा कोरोना हेतु सत्कार, अमर शहीद हेमू कालानी सेवा समिति स्वागत सत्कार, बढ़ते कदम, जे.सी.सी.आय. गोंदिया, श्री सिद्धि विनायक दुर्गा उत्सव मंडल, सचखंड दरबार महिला व पुरुष समिति द्वारा आदर सत्कार, खालसा सेवादल, जय झूलेलाल गरबा उत्सव समिति, कबड्डी एसोसिएशन ऑफ गोंदिया, चौपाटी एसोसिएशन नेहरु चौक, के.टी.एस. एम्बुलेंस एसोसिएशन, दुर्गा वाहिनी महिला मंडल, गौशाला सेवा समिति, नर्मदा भजन मंडल, श्रीराम सत्संग मंडल परिवार, पूज्य सिंधी नवयुवक सेवा समिति, शारीरिक शिक्षक संस्था गोंदिया जिला, सचखंड दरबार अमरदासजी उदासी व राकेश ठाकुर, पार्षद बंटी पंचबुद्धे, भावना कदम, दीपक कदम, करन चौहान, क्रीड़ा अधिकारी चौहान साहब, डॉ केंद्रे, डॉ.बग्गा, डॉ गुप्ता, मनोज चौबे, सचिन शेंडे, संजू रॉय, विनीत शहारे, नीतू अमित बिरिया, गोपाल धिरवानी, राजू श्यामसुंदर, जुनेद शेख के साथ हजारों युवाओं के साथ ही शहर की विभिन्न सामाजिक और राजनैतिक दलों द्वारा शुभेच्छा व शुभकामनाएं दी गयी।





# पौधारोपण कर मनाया आजादी का पर्व



गोंदिया तहसील के अंतर्गत आने वाले ग्राम गोंडीनगर (कटंगी कला) के दुर्गा चौक में स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर ध्वजारोहण कर हनुमान मंदिर से दुर्गा चौक मार्ग के दोनों किनारों पर अशोक व फलों के विभिन्न प्रजातियों के पौधे लगाकर आजादी का पर्व अमृत महोत्सव हर्षोल्लास से मनाया गया। आयोजित कार्यक्रम के अवसर पर धर्मराज, पलक, शेखर माई, पूर्वी धानी, कोडापे, रामकिशोर ऊईके, इशांत पधरे, सामाजिक वनीकरण विभाग के अधिकारी रुपचंद बुल्ले उपस्थित थे। उपरोक्त कार्यक्रम के मार्गदर्शक रुपराज सिंह, गुलाब सिंह, कोडापेपर आदि ने सहयोग किया।

स्वामित्व, मुद्रक, प्रकाशक व संपादक नवीन माणिकचंद अग्रवाल द्वारा बुलंद गोंदिया साप्ताहिक समाचार पत्र भवानी प्रिंटींग प्रेस, गुरुनानक वार्ड, गोंदिया, ता.जि.गोंदिया से मुद्रित व बुलंद गोंदिया भवन, जगन्नाथ मंदिर के पास गौशाला वार्ड, गोंदिया ४४१६०१, ता.जि.गोंदिया से प्रकाशित। संपादक : संपादक नवीन माणिकचंद अग्रवाल, मो.क्र. ९४०५२४४६६८। (पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिये जिम्मेदार) प्रकाशित किये गये समाचार व लेख से संपादक सहमत है ऐसा नहीं है। न्यायालय क्षेत्र गोंदिया।